# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 23-9-23 | 3 -- | 1-4 -- |

**भास्कर खास** • एचएयू में एक दिवसीय कार्यशाला में वीसी प्रो. काम्बोज बोले

## देश के उत्थान के लिए महिला सशक्तिकरण जरूरी

भास्कर न्यूज | हिसार

समाज को सशक्त बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। यदि परिवार, समाज व देश का उत्थान करना है तो महिलाओं को आगे आकर शिक्षित होना होगा। महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना विश्व का कल्याण संभव नहीं है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने रखे। वे विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में एक दिवसीय 'अनुसूचित जाति की महिलाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका' विषय पर आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यरत सहायक प्रो. मंजू लता उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित किया गया था।



### वीसी ने उम्रदराज महिला को अपना मोमेंट देकर सम्मानित किया

मुख्यातिथि ने खुद का मोमेंटो कार्यशाला में उपस्थित सबसे उम्रदराज महिला आर्य नगर निवासी धोली देवी को भेंट देकर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता मंजू लता ने अपने संभाषण में कहा कि धरती पर सबसे सुंदर रचनात्मक वस्तु है तो वह एकमात्र महिला है, जो खुद व परिवार को संभाल रही है। शिक्षा के क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं लेकिन जो किसी कारणवश पीछे छूट गई हैं उन्हें प्रेरित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा बदलते समय के अनुसार महिलाओं के प्रति हमें संकीर्ण विचारों से छुटकारा पाने की आवश्यकता है। अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने कहा कि कार्यशाला का आयोजन भारत सरकार की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत किया गया है। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने सभी का स्वागत किया, जबकि समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यशाला में मंच का संचालन डॉ. रश्मि त्यागी ने किया, जबकि डॉ. जतेश काठपालिया ने प्रोजेक्ट की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल सहित विभिन्न कॉलेजों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23-9-23 | 5 -- | 1-3 -- |


# देश के उत्थान के लिए महिला सशक्तिकरण ज़रूरी : प्रो. काम्बोज

**हकृवि ने एक दिवसीय अनुसूचित जाति की महिलाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजित**



हकृवि में आयोजित कार्यशाला में मंच पर मौजूद कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सहित अन्य वक्ताओं के साथ मौजूद अनुसूचित जाति की महिलाएं।

हिसार, 22 सितंबर (विरेन्द्र वर्मा): समाज को सशक्त बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। यदि परिवार, समाज व देश का उत्थान करना है तो महिलाओं को आगे आकर शिक्षित होना होगा। महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना विश्व का कल्याण संभव नहीं है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने रखे। वे विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में एक दिवसीय 'अनुसूचित जाति की महिलाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका' विषय पर आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार में कार्यरत सहायक प्रो. मंजू लता उपस्थित रही। यह कार्यक्रम मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीण आंचल से आई अनुसूचित जाति की महिलाओं की अधिक संख्या होने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज का समय तेजी से बदल रहा है। महिलाओं को बदलते समय के साथ कदम ताल मिलाकर चलने की जरूरत है। मुख्यातिथि ने विशेषकर महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार व विश्वविद्यालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों से सभी को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को सफलता की दिशा में ले जाने के लिए सबसे पहले इच्छाशक्ति का होना जरूरी है। मुख्यातिथि ने संसद में महिला आरक्षण बिल पास होने पर सभी को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने उपरोक्त विभाग में नव-स्थापित क्षमता निर्माण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। साथ ही पौधरोपण भी किया। मुख्यातिथि ने खुद का मोमेंटो कार्यशाला में उपस्थित सबसे उम्रदराज महिला आर्य नगर निवासी धोली देवी को भेंट देकर सम्मानित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23-9-23 | 5 -- | 3-6 -- |

# राष्ट्र उत्थान के लिए महिला सशक्तिकरण जरूरी : प्रो. काम्बोज

हिसार, 22 सितम्बर (ब्यूरो): समाज को सशक्त बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। यदि परिवार, समाज व देश का उत्थान करना है तो महिलाओं को आगे आकर शिक्षित होना होगा। महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना विश्व का कल्याण संभव नहीं है।

ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने रखे। वे विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में एक दिवसीय 'अनुसूचित जाति की महिलाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका' विषय पर आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार में कार्यरत सहायक प्रो. मंजू लता उपस्थित रही। यह कार्यक्रम मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित किया गया था।



कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज।

मुख्यातिथि ने विशेषकर महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार व विश्वविद्यालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों से सभी को जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने उपरोक्त विभाग में नव-स्थापित क्षमता निर्माण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। साथ ही पौधरोपित भी किया। मुख्यातिथि ने खुद का मोमैंटो कार्यशाला में उपस्थित सबसे उम्रदराज महिला आर्य नगर निवासी भोली देवी को भेंट देकर सम्मानित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23-9-23 | 4 -- | 4-5 -- |

## समाज के उत्थान के लिए महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी : प्रो. कांबोज



एचएयू में आयोजित कार्यशाला में मंच पर मौजूद कुलपति व अन्य वक्ता। स्रोत : विवि

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि समाज को सशक्त बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। यदि परिवार, समाज व देश का उत्थान करना है तो महिलाओं को शिक्षित होना होगा।

महिलाओं के सशक्तीकरण के बिना विश्व का कल्याण संभव नहीं है। वे शुक्रवार को मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में एक दिवसीय 'अनुसूचित जाति की महिलाओं के सशक्तीकरण में शिक्षा की भूमिका' विषय पर आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज का समय तेजी से बदल रहा है। महिलाओं को बदलते समय के साथ कदम ताल मिलाकर चलने की जरूरत है। हमें महिलाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़कर उन्हें समानता का अधिकार देने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने नव-स्थापित क्षमता निर्माण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

इस मौके पर मुख्य वक्ता मंजू लता, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. विनोद कुमारी, डॉ. रश्मि त्यागी, डॉ. जतेश काठपालिया, कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 23-9-23 | 11 -- | 3-5 -- |

## देश के उत्थान के लिए महिला सशक्तीकरण जरूरी: काम्बोज

हिसार 22 सितंबर (हप्र)

समाज को सशक्त बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। यदि परिवार, समाज व देश का उत्थान करना है तो महिलाओं को आगे आकर शिक्षित होना होगा। महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना विश्व का कल्याण संभव नही है। यह बात हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने रखे। काम्बोज विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में एक दिवसीय 'अनुसूचित जाति की महिलाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका' विषय पर आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार में कार्यरत सहायक प्रो. मंजू लता



हिसार स्थित हकृवि में आयोजित कार्यशाला में मंच पर मौजूद कुलपति व अन्य वक्ताओं के साथ मौजूद अनुसूचित जाति की महिलाएं। -हप

उपस्थित रही। यह कार्यक्रम मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। मुख्य वक्ता मंजू लता ने अपने संभाषण में कहा कि धरती पर सबसे सुंदर रचनात्मक वस्तु है तो वह एकमात्र महिला है, जो खुद व परिवार को संभाल रही है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 23.09.2023 | -- | -- |

# देश के उत्थान के लिए महिला सशक्तिकरण जरूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज



[illegible]

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 23.09.2023 | -- | -- |



# देश के उत्थान के लिए महिला सशक्तिकरण जरूरी : प्रो. काम्बोज

### हकृवि में एक दिवसीय अनुसूचित जाति की महिलाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजित



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 24-9-23 | 6 -- | 1-4 -- |

**भास्कर खास** • हकृवि में होने वाले समारोह में 9 अधिकारी होंगे सम्मानित

## सम्मान समारोह में मनोज सैनी व यशपाल को मिलेगा स्टेट अवॉर्ड

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में रविवार को आयोजित होने वाले एनएसएस राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवकों मनोज सैनी व यशपाल को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से नवाजा जाएगा। वर्ष 2020-21 में मनोज सैनी व वर्ष 2021-22 में यशपाल ने एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर सामाजिक हित के लिए बेहतरीन कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने चयनित दोनों स्वयंसेवकों को बधाई दी। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया इस समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में वर्ष 2020-21 व 2021-22 में एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले प्रदेश में से कुल 19 स्वयंसेवकों को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिनमें हमारे विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल भी शामिल हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह दहिया ने बताया कि हरियाणा में प्रतिवर्ष लगभग 1.5 लाख स्वयंसेवक नेशनल सर्विस स्कीम से जुड़कर सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं। प्रदेश में से बेस्ट 5 पुरुष व बेस्ट 5 महिला स्वयंसेवकों का चयन कर पुरस्कृत किया जाता है, जिसके अंतर्गत सरकार ने वर्ष 2020-21 में मनोज सैनी व वर्ष 2021-22 में यशपाल का चयन किया है। यशपाल ने सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रति कई बार जागरूक अभियान चलाए हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. चंद्रशेखर डागर भी उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार के लिए चयनित स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल को बधाई देते हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरिभूमि | २५-९-23 | 11 -- | 1-5 -- |

## एनएसएस के राज्यस्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह की तैयारियां पूरी

# दो को मिलेगा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार

- 9 अधिकारियों को भी मिलेगा एनएसएस स्टेट अवार्ड
- हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज होगा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में रविवार को आयोजित होने वाले एनएसएस राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवकों मनोज सैनी व यशपाल को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से नवाजा जाएगा। वर्ष 2020-21 में मनोज सैनी व वर्ष 2021-22 में यशपाल ने एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर सामाजिक हित के लिए बेहतरीन कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने चयनित दोनों स्वयंसेवकों को बधाई दी, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने शनिवार को बताया कि इस समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में वर्ष 2020-21 व 2021-22 में एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले प्रदेशभर से कुल 19 स्वयंसेवकों को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिनमें हमारे विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल भी शामिल है, जोकि विश्वविद्यालय के लिए गौरवमयी उपलब्धि है। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. भगत सिंह दहिया ने बताया कि मनोज सैनी ने नेशनल सर्विस स्कीम से जुड़कर सामाजिक हित के लिए अनेक बार रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्तदान करना, पल्स पोलियो अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। स्वयंसेवक यशपाल ने भी एनएसएस से जुड़कर सामाजिक क्षेत्र के हित के लिए अनेक रैलियों में बढ़चढ़ कर भाग लिया है, जिनमें स्वच्छता, पर्यावरण बचाओ, प्लास्टिक मुक्त भारत जैसी मुहिम शामिल है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. चंद्रशेखर डागर भी उपस्थित रहे।



हिसार। राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार के लिए चयनित स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल को बधाई देते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो: हरिभूमि

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 25-9-23 | 5 -- | 1-4 -- |

## राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह की तैयारियां पूरी

# हकृवि के दो स्वयंसेवकों को मिलेगा राज्यस्तरीय पुरस्कार

- 9 अधिकारियों को भी मिलेगा एनएसएस स्टेट अवार्ड

सच कहूं/श्याम सुन्दर सरदाना



प्रो. बी.आर. काम्बोज द्वारा राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार के लिए चयनित स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल को बधाई देते हुए।

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में रविवार को आयोजित होने वाले एनएसएस राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवकों मनोज सैनी व यशपाल को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से नवाजा जाएगा। वर्ष 2020-21 में मनोज सैनी व वर्ष 2021-22 में यशपाल ने एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर सामाजिक हित के लिए बेहतरीन कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित दोनों स्वयंसेवकों को बधाई दी, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि इस समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में वर्ष 2020-21 व 2021-22 में एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले प्रदेश में से कुल 19 स्वयंसेवकों को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिनमें हमारे विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल भी शामिल हैं, जोकि विश्वविद्यालय के लिए गौरवमयी उपलब्धि है। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. भगत सिंह प्रोमिला ने बताया कि हरियाणा में प्रतिवर्ष लगभग 15 लाख स्वयंसेवक नेशनल सर्विस स्कीम से जुड़कर सामाजिक कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं, जिनके उत्साहवर्धन के लिए हर बार हरियाणा सरकार की ओर से एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले प्रदेश में से बेस्ट 5 पुरुष व बेस्ट 5 महिला स्वयंसेवकों का चयन कर पुरस्कृत किया जाता है, जिसके अंतर्गत सरकार ने वर्ष 2020-21 में मनोज सैनी व वर्ष 2021-22 में यशपाल का चयन किया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. चंद्रशेखर डागर भी उपस्थित रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 24-9-23 | 3 -- | 7-8 -- |

## हकृवि के 2 स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल को मिलेगा राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार

हिसार, 23 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में रविवार को एन.एस.एस. राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

### 9 अधिकारियों को भी मिलेगा एन.एस.एस. स्टेट अवार्ड

इसमें स्वयं सेवकों की कैटेगरी में विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवकों मनोज सैनी व यशपाल को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

वर्ष 2020-21 में मनोज सैनी व वर्ष 2021-22 में यशपाल ने एन.एस.एस. की गतिविधियों में भाग लेकर सामाजिक हित के लिए बेहतरीन कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया था।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि इस समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में वर्ष 2020-21 व 2021-22 में एन.एस.एस. की गतिविधियों में भाग लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले प्रदेश में से 19 स्वयंसेवकों को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 24-9-23 | 5 -- | 3-6 -- |

# हकृवि के दो स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल को मिलेगा राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार

## हकृवि में आयोजित होने वाले एनएसएस का राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह की तैयारियां पूरी

हिसार, 23 सितंबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में रविवार को आयोजित होने वाले एनएसएस राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवकों मनोज सैनी व यशपाल को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से नवाजा जाएगा। वर्ष 2020-21 में मनोज सैनी व वर्ष 2021-22 में यशपाल ने एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर सामाजिक हित के लिए बेहतरीन कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित दोनों स्वयंसेवकों को बधाई दी. साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि इस समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में वर्ष 2020-21 व 2021-22 में एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले प्रदेश में से कुल 19 स्वयंसेवकों को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिनमें हमारे विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल भी शामिल है, जोकि विश्वविद्यालय के लिए गौरवमयी उपलब्धि है।



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज द्वारा राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार के लिए चयनित स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल को बधाई देते हुए साथी।

राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह दहिया ने बताया कि हरियाणा में प्रतिवर्ष लगभग 1.5 लाख स्वयंसेवक नेशनल सर्विस स्कीम से जुड़कर सामाजिक कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं, जिनके हौसलावर्धन के लिए हर बार हरियाणा सरकार की ओर से एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले प्रदेश में से बेस्ट 5 पुरुष व बेस्ट 5 महिला स्वयंसेवकों का चयन कर पुरस्कृत किया जाता है, जिसके अंतर्गत सरकार ने वर्ष 2020-21 में मनोज सैनी व वर्ष 2021-22 में यशपाल का चयन किया है। डॉ. भगत ने बताया कि स्वयंसेवक यशपाल ने भी एनएसएस से जुड़कर सामाजिक क्षेत्र के हित के लिए अनेक रैलियों में बढ़चढ़ कर भाग लिया है, जिनमें स्वच्छता, पर्यावरण बचाओ, प्लास्टिक मुक्त भारत जैसी मुहिम शामिल है। यशपाल ने सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रति कई बार जागरूक अभियान चलाए है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. चंद्रशेखर डागर भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 25-9-23 | 5 -- | 1-2 -- |


# मनोज व यशपाल को आज मिलेगा राज्यस्तरीय एनएसएस पुरस्कार



एचएयू के वीसी प्रो. कांबोज स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल के साथ। स्रोत: संस्थान

माई सिटी रिपोर्टर

## 9 अधिकारियों को भी मिलेगा एनएसएस स्टेट अवॉर्ड

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में रविवार को आयोजित होने वाले एनएसएस राज्यस्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह में स्वयंसेवकों की श्रेणी में विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवकों मनोज सैनी व यशपाल को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

वर्ष 2020-21 में मनोज सैनी व वर्ष 2021-22 में यशपाल ने एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर सामाजिक हित के लिए बेहतरीन कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने चयनित दोनों स्वयंसेवकों को बधाई दी। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि इस समारोह में स्वयंसेवकों की श्रेणी में वर्ष 2020-21 व 2021-22 में एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले प्रदेश में से कुल 19 स्वयंसेवकों को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

बेस्ट 5 पुरुष व बेस्ट 5 महिला स्वयंसेवकों का चयन कर पुरस्कृत किया जाता है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 25-9-23 | 5 -- | 1-3 -- |

## 19 स्वयंसेवकों को आज किया जाएगा सम्मानित



हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल को बधाई देते हुए।

जासं, हिसार : कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में रविवार को एनएसएस राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह में प्रदेश के 19 स्वयंसेवकों को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवकों मनोज सैनी व यशपाल को भी पुरस्कार मिलेगा। वर्ष 2020-21 में मनोज सैनी व वर्ष 2021-22 में यशपाल ने एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर सामाजिक हित के लिए बेहतरीन कार्य किए थे। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने चयनित दोनों स्वयंसेवकों को बधाई दी। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डा. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि इस समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में वर्ष 2020-21 व 2021-22 में एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर बेहतरीन कार्य करने वालों को सम्मानित किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डा. भगत सिंह दहिया, विश्वविद्यालय के मीडिया एडवाइजर डा. संदीप आर्य व डा. चंद्रशेखर डागर भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 23.9.2023 | -- | -- |



कुलपति प्रो. काम्बोज चयनित स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल को बधाई देते हुए।

# स्वयंसेवक मनोज व यशपाल को मिलेगा राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में रविवार को आयोजित होने वाले एनएसएस राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवकों मनोज सैनी व यशपाल को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से नवाजा जाएगा। वर्ष 2020-21 में मनोज सैनी व वर्ष 2021-22 में यशपाल ने एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर सामाजिक हित के लिए बेहतरीन कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित दोनों स्वयंसेवकों को बधाई दी, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि इस समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में वर्ष 2020-21 व 2021-22 में एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले प्रदेश में से कुल 19 स्वयंसेवकों को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिनमें हमारे विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल भी शामिल है, जोकि विश्वविद्यालय के लिए गौरवमयी उपलब्धि है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. चंद्रशेखर डागर भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 23.9.2023 | -- | -- |

दैनिक पाठकपक्ष, हिसार, शनिवार, 23 सितम्बर, 2023

## हकृवि के दो स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल को मिलेगा राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार

### हकृवि में आयोजित होने वाले एनएसएस का राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह की तैयारियां पूरी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 सितम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में शनिवार को आयोजित होने वाले एनएसएस राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवकों मनोज सैनी व यशपाल को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से नवाजा जाएगा। वर्ष 2020-21 में मनोज सैनी व वर्ष 2021-22 में यशपाल ने एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर सामाजिक हित के लिए बेहतरीन कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित दोनों स्वयंसेवकों को बधाई दी, साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि इस समारोह में स्वयंसेवकों की कैटेगरी में वर्ष 2020-21 व 2021-22 में एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले प्रदेश में से कुल 19 स्वयंसेवकों को राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिनमें हमारे विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल भी शामिल हैं, जोकि विश्वविद्यालय के लिए गौरवमयी उपलब्धि है।

राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. भगत सिंह दहिया ने बताया कि हरियाणा में प्रतिवर्ष लगभग 1.5 लाख स्वयंसेवक नेशनल सर्विस स्कीम से जुड़कर सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं, जिनके हौसलाअफजाई के लिए हर वर्ष हरियाणा सरकार की ओर से एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले प्रदेश में से बेस्ट 5 पुरुष व बेस्ट 5 महिला स्वयंसेवकों का चयन कर पुरस्कृत किया जाता है। डॉ. भगत ने बताया कि स्वयंसेवक यशपाल ने भी एनएसएस से जुड़कर सामाजिक क्षेत्र के हित के लिए अनेक रैलियों में बढ़चढ़ कर भाग लिया है, जिनमें स्वच्छता, पर्यावरण बचाओ, प्लास्टिक मुक्त भारत जैसी मुहिम शामिल है। यशपाल ने सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रति कई बार जागरूक अभियान चलाए हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. चंद्रशेखर डागर भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 23.9.2023 | -- | -- |



### हकृवि में आयोजित होने वाले एनएसएस का राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह की तैयारियां पूरी

# हकृवि के स्वयंसेवक मनोज सैनी व यशपाल को मिलेगा राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार



[illegible]

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 25-9-23 | 3 -- | 7-8 -- |

## भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना होगा : डॉ. सिंह



हिसार। पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केंद्र की ओर से दयानंद महाविद्यालय के सभागार में 'विकासशील भारत को विकसित भारत बनाने में युवाशक्ति का योगदान' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह ने कहा कि विकासशील भारत को विकसित बनाने में युवा शक्ति अहम भूमिका निभा सकती है। विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के नजरिए से भारत को दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना होगा। उन्होंने कहा कि तकनीक की मदद से उत्पादन में बहुत बारीकियों का खयाल रखा जा सकता है, जिससे ग्लोबल मार्केट के हिसाब से उच्च गुणवत्ता वाले प्रोडेक्ट बनाए जा सकते हैं। ऐसा करने पर ही हम ग्लोबल मार्केट पर कब्जा कर सकते हैं प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हमें युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। इन युवाओं को सही दिशा प्रदान की जाए तो वे हमारे समाज व राष्ट्र में परिवर्तन लाने की शक्ति रखते हैं। मंच संचालन सचिव मोहित कुमार ने किया, जबकि डॉ. रविंद्र सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कमल शर्राफ, संरक्षक ज्ञानचंद बसंल, डॉ. विवेक श्रीवास्तव सहित पंचनद शोध संस्थान के सदस्य और विभिन्न संस्थाओं के सदस्य भी उपस्थित रहे। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 24-9-23 | 3 -- | 1-2 -- |

## भारत को दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना होगा : डा. जगवीर



संगोष्ठी में डा. जगबीर सिंह व प्राचार्य डा. विक्रमजीत को सम्मानित करते हुए। • डीजेआरओ

जासं, हिसार : दयानंद कालेज में विकासशील भारत को विकसित भारत बनाने में युवाशक्ति का योगदान विषय पर संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता राज्य सूचना आयुक्त डा. जगबीर सिंह ने बताया कि विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के नजरिए से भारत को दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना होगा। यह तभी संभव है कि जब हम हमारी उत्पादक की क्वालिटी से कोई काम्प्राइज न करें। प्राचार्य डा. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि इन युवाओं को सही दिशा प्रदान की जाए तो वह हमारे समाज व राष्ट्र में परिवर्तन लाने की शक्ति रखते हैं। इस दौरान डा. रविंद्र सैनी, माननीय कमल शर्राफ, संरक्षक ज्ञानचंद बंसल, डा. विवेक श्रीवास्तव, मोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | २५-९-23 | 5 -- | 3-८ -- |


# भारत को विकसित बनाने में युवा शक्ति निभा सकती है अहम योगदान : डॉ. जगबीर सिंह

## पंचनद शोध संस्थान, अध्ययन केंद्र, हिसार द्वारा दयानंद महाविद्यालय, हिसार में गोष्ठी का हुआ आयोजन

हिसार, 23 सितंबर (विरेन्द्र वर्मा): पंचनद शोध संस्थान, अध्ययन केंद्र, हिसार की ओर से दयानंद महाविद्यालय के सभागार में 'विकासशील भारत को विकसित भारत बनाने में युवाशक्ति का योगदान' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह रहे, जबकि इसकी अध्यक्षता दयानंद महाविद्यालय, हिसार, के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने की। मुख्य वक्ता डॉ. जगबीर सिंह ने बताया कि विकासशील भारत को विकसित बनाने में युवा शक्ति अहम भूमिका निभा सकती है। क्योंकि उनमें नई ऊर्जा के साथ शारीरिक व मानसिक रूप से किसी भी कार्य को करने की कुशलता होती है। विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के नजरिए से भारत को दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना होगा, तभी संभव है कि जब हम हमारी उत्पादक की क्वालिटी से कोई कॉम्प्रोमाइज न करें। इसमें तकनीक बहुत मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि तकनीक की मदद से उत्पादन में बहुत बारीकियों का ख्याल रखा जा सकता है, जिससे ग्लोबल मार्केट के हिसाब से उच्च गुणवत्ता वाले प्रोडेक्ट बना जा सकते हैं। ऐसा करने पर ही हम ग्लोबल मार्केट पर कब्जा कर सकते हैं। मुख्य वक्ता ने कहा कि आज किसी भी देश में युवाओं की संख्या अधिक होना लाभकारी है। वह भी तब, जब विशेष रूप से कई विकसित देशों जैसे जापान, जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, चीन व कनाडा आदि में जन्म दर बहुत कम हो चुकी है एवं इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की जनसंख्या तेजी से बढ़ती जा रही है एवं युवा जनसंख्या का अभाव महसूस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में एक नए कौशल विकास एवं उद्यम मंत्रालय का गठन किया गया, जिसके द्वारा देश के युवाओं में कौशल विकास करने की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्य वक्ता ने उपस्थित बुद्धिजीवी वर्ग व विद्यार्थियों से आह्वान किया कि देश के उत्थान में सहयोग देने से पूर्व युवाओं को साकारात्मक दिशा में सोचने की जरूरत है। दयानंद महाविद्यालय, हिसार, के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हमें युवाओं को साकारात्मक दिशा में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। क्योंकि युवा अपार क्षमताओं से परिपूर्ण, त्वरित शिक्षा, रचनात्मकता व कौशल से ओत-प्रोत होता है। अगर इन युवाओं को सही दिशा प्रदान की जाए तो वे हमारे समाज व राष्ट्र में परिवर्तन लाने की शक्ति रखते हैं।



संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. जगबीर सिंह व दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह को सम्मानित करते हुए।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 24-9-23 | 5 -- | 5-6 -- |



संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. जगबीर सिंह व दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह को सम्मानित करते आयोजक।

### पंचनद शोध संस्थान में हुआ गोष्ठी का आयोजन

# भारत को विकसित बनाने में युवा शक्ति निभा सकती है अहम योगदान : डॉ. जगबीर सिंह

हिसार, 23 सितम्बर (ब्यूरो): पंचनद शोध संस्थान, अध्ययन केंद्र की ओर से दयानंद महाविद्यालय के सभागार में 'विकासशील भारत को विकसित भारत बनाने में युवाशक्ति का योगदान' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह रहे, जबकि इसकी अध्यक्षता दयानंद महाविद्यालय, हिसार के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने की।

मुख्य वक्ता डॉ. जगबीर सिंह ने बताया कि विकासशील भारत को विकसित बनाने में युवा शक्ति अहम भूमिका निभा सकती है। क्योंकि उनमें नई ऊर्जा के साथ शारीरिक व मानसिक रूप से किसी भी कार्य को करने की कुशलता होती है। विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के नजरिए से भारत को दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना होगा, तभी संभव है कि जब हम हमारी उत्पादक की क्वालिटी से कोई कॉम्प्रोमाइज न करें। इसमें तकनीक बहुत मदद कर सकती है।

दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हमें युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। अगर युवाओं को सही दिशा प्रदान की जाए तो वे हमारे समाज व राष्ट्र में परिवर्तन लाने की शक्ति रखते हैं।

इस संगोष्ठी में मंच संचालन सचिव मोहित कुमार ने किया, जबकि डॉ. रविंद्र सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कमल सर्राफ, संरक्षक ज्ञानचंद बंसल, डॉ. विवेक श्रीवास्तव सहित पंचनद शोध संस्थान के सदस्य और विभिन्न संस्थाओं के सदस्य भी उपस्थित रहे।